आयोजना मंत्री ने बीस सूत्री कार्यक्रम के ब्रोशर का किया विमोचन

जयपुर, 27 जून। आयोजना मंत्री श्रीमती ममता भूपेश ने मंगलवार को अपने निवास पर बीस सूत्री कार्यक्रम के ब्रोशर का विमोचन किया।

श्रीमती भूपेश ने ब्रोशर का विमोचन करते हुए कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रम भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी के द्वारा देश में गरीबी और आर्थिक शोषण को कम करने और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए प्रारम्भ किया गया था। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य सरकार की प्राथमिकता में है।

राज्य सरकार द्वारा इस कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता को लाभांवित किया जा रहा है। कार्यक्रम का राज्य में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के उदेश्य से यह ब्रोशर तैयार किया गया है। इस ब्रोशर के माध्यम से आमजन तक कार्यक्रम में सम्मिलित योजनाओं की जानकारी पहुंच सकेगी । इस अवसर पर संयुक्त शासन सचिव, आयोजना श्री सुशील कुमार कुलहरी, संयुक्त सचिव, मॉनिटरिंग श्री विनेश सिंघवी एवं विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

----

गजाधर भरत/सुधाकर सोनी